stock market relate to the sentiment in the market, expectations of the investors regarding earnings of companies, performance of the economy in general

## फायलेरिया, जापानी मस्तिष्क शोथ और डेंगू बुखार से प्रभावित राज्य

1628. **श्री दिलीप सिंह जूदेवः क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 1994 और 1995 के दौरान देश के कौन-कौन से राज्य फायलेरिया, जापानी मस्तिष्क शोथ और डेंगू बुखार से सबसे अधिक ग्रस्त रहे;

(ख) उक्त राज्य में इन बीमारियों से कितनी मौतें हुईं और प्रत्येक राज्य में इन बीमारियों से कितने मरीज ग्रस्त रहे;

(ग) इन बीमारियों की रोकथाम के लिए किन प्रदेशों द्वारा केन्द्र सरकार से सहायता मांगी गई; और

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी)**: (क) और (ख) 1994 और 1995 में फाइलेरियासिस, जापानी एनसिफलाइटिस और डेंगू ज्वर से जो जो राज्य अत्यधिक प्रभावित हुए उनमें इन रोगों से पीड़ित रोगियों तथा मौतों की संख्या संलग्न विवरण I, II और III में दी गई है। **(नीचे देखिए)।**

(ग) से (घ) फाइलेरियासिस के नियंत्रण के लिए सहायता दिए जाने का कोई विशिष्ट अनुरोध किसी राज्य से नहीं प्राप्त हुआ था। तथापि, हर वर्ष की तरह तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम निदेशालय द्वारा रोग की स्थानिक मारी वाले सभी राज्यों को लार्विसाइडल (मलेरिया लार्विसाइडल तेल को छोड़कर) और डी ई सी गोलियां सप्लाई की गई थीं। 1994 तथा 1995 के दौरान जापानी एनसिफलाटिस के नियंत्रण के लिए कर्नाटक, मणिपुर तथा हरियाणा राज्यों ने केन्द्रीय सहायता मांगी थी। इस रोग पर काबू पाने के लिए राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत इन राज्यों को सप्लाई किए गए कीटनाशकों का उपयोग किया गया था।

## विवरण-I

**1994 और 1995 के दौरान फाइलेरिया से पीड़ित हुए रोगियों तथा इसके कारण हुई मौतों को दर्शाने वाला विवरण**

| क्र० सं० | राज्य का नाम | फाइलेरिया के रोगियों की सं० | | मौतों की सं० | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1994 | 1995 | 1994 | 1995 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 9170 | 8976 | शून्य | शून्य |
| 2. | असम | 3 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | बिहार | 5932 | 6117 | शून्य | शून्य |
| 4. | कर्नाटक | 1856 | 1920 | शून्य | शून्य |
| 5. | महाराष्ट्र | 3827 | 4206 | शून्य | शून्य |
| 6. | तमिलनाडु | 2367 | 2859 | शून्य | शून्य |
| 7. | पश्चिम बंगाल | 185 | 145 | शून्य | शून्य |
| | कुल : | 23,340 | 24,223 | शून्य | शून्य |

## विवरण-II

**1994 और 1995 के दौरान जापानी एनसेफ लाइटिस से पीड़ित हुए रोगियों तथा उसके कारण हुई मौतों को दर्शाने वाला विवरण**

| क्र॰ सं॰ | राज्य का नाम | जापानी एनसेफलाइटिस के रोगियों की सं॰ | | मौतों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1994 | 1995 | 1994 | 1995 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 260 | 986 | 131 | 270 |
| 2. | असम | 230 | 11 | 145 | 11 |
| 3. | बिहार | 54 | 3 | 31 | 1 |
| 4. | हरियाणा | 79 | 30 | 67 | 21 |
| 5. | कर्नाटक | 126 | 117 | 47 | 35 |
| 6. | मणिपुर | 11 | 266 | शून्य | 56 |
| 7. | तमिलनाडु | 239 | 105 | 125 | 57 |
| 8. | पश्चिम बंगाल | 234 | 1265 | 93 | 428 |
| 9. | गोवा | 10 | 11 | 1 | 3 |
| | कुल : | 1243 | 2794 | 640 | 882 |

## विवरण-III

**1994 और 1995 के दौरान डेंगू से पीड़ित हुए रोगियों तथा इसके कारण हुई मौतों को दर्शाने वाला विवरण**

| क्र॰ सं॰ | राज्य का नाम | डेंगू के रोगियों की सं॰ | | मौतों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1994 | 1995 | 1994 | 1995 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | | | | |
| 1. | कर्नाटक | 212 | 188 | शून्य | शून्य |
| 2. | पश्चिम बंगाल | शून्य | 294 | शून्य | 1 |
| 3. | गोवा | 1 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | तमिलनाडु | शून्य | 658 | शून्य | शून्य |
| 5. | गुजरात | 4 | 12 | शून्य | शून्य |
| 6. | पंजाब | 4 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 7. | महाराष्ट्र | 7273 | 6695 | 4 | 9 |
| | कुल : | 7494 | 7847 | 4 | 10 |